पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को होली की बधाई दी
निराश्रित बालगृह के बच्चों को होली के अवसर पर राजभवन आमंत्रित किया
राज्यपाल कल पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक गणमान्य नागरिकों से भेंट करेंगे

लखनऊः 4 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेशवासियों को होली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की है ।

होली के अवसर पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि होली का पावन पर्व हमें सारे भेदभाव भुलाकर आपसी सद्भाव के वातावरण में पर्व मनाने का सन्देश देता है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि भाईचारे का यह त्यौहार सभी सम्प्रदाय एवं वर्गों के बीच प्रेम-स्नेह और सौहार्द की भावना को और मजबूत बनायेगा।

राज्यपाल ने आज राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की बधाई दी तथा उनकी सुख-समृद्धि की कामना की है। इस अवसर पर राजभवन के कर्मचारियों के बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। इसके अतिरिक्त राज्यपाल व उनकी पत्नी, श्रीमती कुंदा नाईक ने अशोका पुनर्वास संस्थान, सीतापुर रोड, लखनऊ के बच्चों को राजभवन आमंत्रित करके उन्हें गुलाल, पिचकारी तथा मिष्ठान वितरित किये। उन्होंने कहा ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु अपनी शुभकामनाएं भी दी।

राज्यपाल होली के अवसर पर राजभवन में गणमान्य नागरिकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों से 5 मार्च, 2015 को पूर्वाहन 11 से 12 बजे तक भेंट करके बधाई भी देंगे।